महत्वपूर्ण / समयबद्ध

ई-मेल

प्रेषक,

रजिस्ट्रार,
उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद,
705, जवाहर भवन, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 689/ म0शि0परि0–सूचना / 2021 दिनांक 06/08/2021

विषयः–प्रदेश में संचालित पंजीकृत / मान्यता प्राप्त एवं अपंजीकृत / गैर मान्यता प्राप्त मदरसों से संबंधित सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है, कि सचिव, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा उ0प्र0, बिहार, छत्तीसगढ़, म0प्र0, राजस्थान, उत्तराखण्ड, उड़ीसा, आदि राज्यों के मदरसा बोर्डों के साथ दिनांक 05.08.2021 को समीक्षा बैठक की गई तथा मदरसों के विवरण व उसमें पंजीकृत छात्र / छात्राओं की संख्या के संबंध में एक सप्ताह में अद्यतन सूचना उपलब्ध कराये जाने की अपेक्षा की गई है।

अतः उपरोक्त के क्रम में सूचना का प्रारूप संलग्न कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित हैं, कि 05 दिवस में उक्त सूचना परिषद कार्यालय की ई–मेल आई. डी. (**registrar.msp-up@gov.in**) तथा **WhatsApp** नम्बर–6287853514 पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

(आर0पी0 सिंह)
रजिस्ट्रार / निरीक्षक

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. विशेष सचिव, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निदेशक / उपाध्यक्ष, उ0प्र0 मदरसा शिक्षा परिषद, लखनऊ।
3. समस्त उप निदेशक / मण्डलीय अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(आर0पी0 सिंह)
रजिस्ट्रार / निरीक्षक

प्रारूप—1

पंजीकृत/मान्यता प्राप्त मदरसों की सूचना

क. सं.	जनपद	मदरसे का नाम	पंजीकृत छात्र/छात्राओं की संख्या		योग
			छात्र	छात्रा	

<u>प्रारूप--2</u>

अपंजीकृत / मान्यता विहीन मदरसों की सूचना

क. सं.	जनपद	मदरसे का नाम	पंजीकृत छात्र / छात्राओं की संख्या		योग
			छात्र	छात्रा	